
# 20. क्यों

पूछूँ तुमसे एक सवाल
झट-पट उत्तर दो गोपाल
मुन्ना के क्यों गोरे गाल?
पहलवान क्यों ठोके ताल?
भालू के क्यों इतने बाल?
चले साँप क्यों तिरछी चाल?
नारंगी क्यों होती लाल?
घोड़े के क्यों-लगती नाल?
झरना क्यों बहता दिन-रात?
जाड़े में क्यों काँपे गात?
हफ्ते में क्यों दिन हैं सात?
बुड्ढों के क्यों टूटे दाँत?
ढम ढम ढम क्यों बोले ढोल?
पैसा क्यों होता है गोल?
मीठा क्यों होता है गन्ना?
क्यों चम चम चमकीला पन्ना?
बालक क्यों डरते सुन हौआ?
काँव काँव क्यों करता कौआ?
नानी को क्यों कहते नानी?
पानी को क्यों कहते पानी?
हाथी क्यों होता है काला?
दादी फेर रही क्यों माला?
पक कर फल क्यों होता पीला?
आसमान क्यों नीला-नीला?
आँख मूँद क्यों सोते हो तुम?
पिटने पर क्यों रोते हो तुम?



—श्री नाथ सिंह

**बूझो तो जानें**

**1. पककर फल क्यों होता पीला ?**

आम, केला आदि पकने के बाद पीले हो जाते हैं।

किसी ऐसे फल का नाम बताइए जो—

(क) पकने के बाद लाल हो जाता है ------------

(ख) पकने के बाद भी अपना रंग नहीं बदलता ------------

(ग) पकने के बाद जामुनी हो जाता है ------------

**2. नानी को क्यों कहते नानी ?**

बताइए, इन्हें क्या कहते हैं —

(क) माँ की माँ के बेटे को ------------

(ख) पिता के भाई के पिता को ------------

(ग) मौसी की बहन की माँ को ------------


**3. मीठा क्यों होता है गन्ना ?**

बताइए, इनका स्वाद कैसा होता है —

(क) नींबू --------------------

(ख) केला --------------------

(ग) करेला --------------------



**4. बताइए, इस आकृति में कितने त्रिभुज हैं–**

**आपके सवाल**

आपके मन में भी कई सवाल उठते होंगे कि ऐसा क्यों होता है। आप भी क्यों वाले कोई पाँच सवाल लिखिए —

- ------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------